‘थैन्क्स्गिविंग’ के उपलक्ष्य में
सिद्धयोगियों व नए साधकों के अनुभव

सन् १८६३ से, अमरीका में नवम्बर माह के चौथे गुरुवार को औपचारिक रूप से ‘थैन्क्स्गिविंग’ के लिए यानी कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए निर्धारित किया गया है; ‘थैन्क्स्गिविंग’ एक राष्ट्रीय पर्व है जिसमें लोग धरती माँ की प्रचुरता के लिए हृदय से उनके प्रति आभार प्रकट करते हैं। उत्तरी गोलार्ध में पतझड़ समाप्त होने वाला है, इसलिए यह समय है, धरती माँ की उपज और उनके अमृत-रस को कृतज्ञतापूर्वक एक-दूसरे के साथ बाँटने का, उसका आनन्द उठाने का और उस पर मनन-चिन्तन करने का।

इस पोस्ट के अंग्रेज़ी पृष्ठ पर यह अभिव्यक्त करने के लिए आपका स्वागत है —

- धरती माँ की प्रचुरता के प्रति कृतज्ञता की आपकी अभिव्यक्तियाँ
- सिद्धयोग की सिखावनियों के अध्ययन व अभ्यास द्वारा आपने अन्न के दिव्य स्वरूप को किस प्रकार अनुभव किया है
- किस प्रकार आपने अन्न के दिव्य स्वरूप के अपने अनुभव को अपने जीवन में कार्यान्वित किया है और अन्न के प्रति आपका सम्मान किन-किन रूपों में बढ़ा है।

‘थैन्क्स्गिविंग’ की शुभकामनाएँ!

© २०२३ एस. वाय. डी. ए. फ़ाउन्डेशन®। सर्वाधिकार सुरक्षित।